## एक नजर में

### विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण पंचमढ़ी के लिए रवाना

धार . कक्षा में पढ़ाई गई बातों को व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से समझाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शैक्षणिक भ्रमण हेतु 56 छात्र, छात्राओं व 22 शिक्षक, शिक्षिकाओं दल ने पचमढ़ी के लिए प्रस्थान किया पंचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता, जैसे झरने, गुफाएं और वनस्पति, छात्रों को प्रकृति से संबंधित विषयों को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करती है। पहले दिन बायसन लॉज व्याख्यान केंद्र पांडव गुफाएं बी ?ाल रीछगढ़ धूपगढ़ बच्चों को दिखाने ले जाया गया धूपगढ़ जैसे ऊंचे स्थानों पर जाकर विद्यार्थियों ने भूविज्ञान व पंचमढ़ी के प्राकृतिक भू-आकृतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों ,पारिस्थितिकी देखकर उनका अध्ययन करके छात्रों ने पौधों और पारिस्थितिक तंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की विद्यार्थियों और शिक्षक -शिक्षिकाओं द्वारा पैरासेलिंग राइडिंग और मोटर बाईक राइडिंग की गई और मिश्रित वन से आयुर्वेदिक दवाईयाँ खरीदी दूसरे दिन चंपक झील मे विद्यार्थी और शिक्षक शिक्षिकाओं ने सी बॉटिंग की , जेटस्की और जिप लाईन की । राजेन्द्र उद्यान घूमे और सलकनपुर विंध्यवासिनी देवी के दर्शन किए इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों में कक्षा से बाहर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने, रुचि और प्रेरणा बढ़ाने, सामाजिक कौशल विकसित करने और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने का सीख मिलती है ।साथ ही भ्रमण के दौरान छात्र समूह में काम करना, संवाद करना और सहयोग की भावना विकसित होती है।

### निःशुल्क मोतियाबिन्द लेंस प्रत्यारोपण शिविर में 35 मरीज चिन्हित



धार . जिला अंधत्व निवारण समिति धार मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी और लायन्स क्लब बदनावर के सयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 18/11/2025 को शासकीय सिविल अस्पताल बदनावर में मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी का निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर सम्पन्न हुए जिसमे 65नेत्र रोगियो का परीक्षण कर कुल मोतियाबिन्द के 35 मरिजो को चिन्हित किया गया , इनमें से 31को मक्सी भेजा गया! शिविर में मक्सी के नेत्र चिकित्सा सहायक डा देवेश मिश्रा और लायंस क्लब बदनावर के लायन विष्णु बैरागी ने सेवाएं दी उल्लेखनीय है कि हर माह के तीसरे मंगलवार को बदनावर में मक्सी का नियमित कैम्प लगता है अगला शिविर 16 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा


### सेवा का प्रतिफल हर चेहरे पर मुस्कान



**बदनावर** ।ज्ञानदीप मंडल बदनावर का यह चतुर्थ वर्ष मे उलन कपड़ों का संग्रहण कर निःशुल्क दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में वितरण किया गया . ज्ञानदीप मंडल बदनावर कार्यकर्ता नगर में भ्रमण कर आमजन से अपील कर वे गर्म कपड़े जो आपके लिए आउट ऑफ फैशन या अनुपयोगी हो गए लेकिन अच्छी हालत में है उनका संग्रहण करता है। साथ ही कुछ नवीन गर्म कपड़े भी दानदाताओं द्वारा जैकेट , कार्डिगन , स्वेटर , मफलर , कंबल, रजाई आदि प्रदान किए जाते हैं इन सभी गर्म कपड़ों को व्यवस्थित रूप से करवाकर बदनावर तहसील से लगभग 35 किलोमीटर सुदूर आदिवासी अंचल के मजरो बोरदी, खराड़ीपाड़ा, पिपली पाड़ा , रावलपाड़ा, भक्त्यारूंडी ,खेड़ी मजरों के निवासी पुरुष, महिलाओं एवं बालक- बालिकाओं को वितरित किए गए। गर्म कपड़े पाकर नन्हे मुन्ने बच्चे प्रफुल्लित हो उठे उनके चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनती थी। ठंड में ऐसे कई बच्चे थे जो स्कूल, स्वेटर के अभाव में जा रहे थे लेकिन उन्हें स्वेटर मिला तो खुशी से झूम उठे,एवं कई माताएं- भाइयों को जब यह गर्म कपड़े वितरित किए गए तो बड़े प्रसन्न हुए और आशीर्वादों की बौछार करने लगे।इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष विजय बाफना सचिव प्रदीप पांडेय, सदस्य वैभव चौरडिया ने उपस्थित जन समुदाय को धूम्रपान, शराब ,नशा करने की बुरी लत से होने वाले दुष्परिणामों को भी अवगत कराया। आह्वान किया आप परिश्रमी समाज से हो आप, अच्छे कार्यों के साथ जुड़े अपने बालक , बालिकाओं उन्हें स्कूल भेजें। एक अच्छे समाज का निर्माण करें और अपना जीवन संवार आपके समाज का उत्थान होने से यह देश भी मजबूत बनेगा।इस सेवा कार्य में हितेश पिता रघुनाथ प्रसाद शर्मा ने अपनी स्वर्गीय माताजी श्यामलता शर्मा की स्मृति में,एवं दिलीप मोदी एवं बुरहान मोदी के द्वारा नवीन कंबल प्रदान किए। कपड़ों के संग्रहण में संजीव अग्रवाल एवं वितरण हेतु परिवहन के लिए वाहन उपलब्ध कराने में अमित जैन (विक्की) यश कॉलेज बदनावर का बहुमूल्य सहयोग रहा। गर्म कपड़ों के साथ 175 नवीन कंबल भी वितरित किए गए। ज्ञानदीप मंडल अध्यक्ष विजय बाफना, सचिव प्रदीप पांडेय, , अर्जुनसिंह पवांर ,अशोक लोढ़ा, मुकेश आर्य, दिनेश हारोड़ ,ईश्वरलाल जोशी,वैभव चौरड़िया द्वारा गर्म कपड़ों के साथ 175 नवीन कंबल भी नि :शुल्क वितरित किए गए। वितरण व्यवस्थाओं में स्थानीय गलिया गामड़ शिक्षक , बालू गामड़ उपसरपंच बोरदी, मुकेश खराड़ी पंचायत सचिव बोरदी, कन्हैयालाल गामड़ चौकीदार, भेरूलाल ओसारी रावलपाड़ा ने भी व्यवस्थाएं बनाने में योगदान, दिया। सभी दानदाताओं सहयोगियों ,कार्यकर्ताओं का आभार कार्यक्रम संयोजक विशाल श्रीश्रीमाल ने माना। दिया

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दाताहरि पब्लिक स्कूल की छात्रा खुशबू मालवीया चयनित

**कुक्षी।** राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए डीपीएस की एक खिलाडी हुई चयनित हुई ।विद्यालय प्राचार्या दर्शिनी पाटीदार नें बताया कि रा?ज्य स्तर पर हमारे विद्यालय की कक्षा 11वीं की (कॉमर्स संकाय) की छात्रा खुशबू गुलाबचंद मालवीया का चयन हुआ ।ज्ञातव्य है कि जिला झाबुआ में 10 नवंबर संभाग स्तर पर बास्केटबॉल टूर्नामेंट मे कोच नंदलाल यादव सर के कुशल नेतृत्व में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा अंडर 19 में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के एक विद्यार्थी के चयनित होने पर विद्यालय के प्रेसिडेंट महेंद्र सेठ गुप्ता उपाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता , सेक्रेटरी बाबूलाल गुप्ता आदि सदस्यों के साथ विद्यालय परिवार नें खुशी जाहिर की।




नवभारत

**बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें- स्वदेश सिंह पंवार**

**मो.बा. 96306-42180**


# 8 दिन पहले हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

**सरदारपुर ।शातिर बदमाश यादव कुमार प्रजापत द्वारा भोपाल में बैठकर चोरी की गैंग को आपरेट किया पुलिस ने ग्राम दसई में 8 दिन पहले एक दुकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियो से एक लाख दस हजार रुपये नगद सहित 3 लाख रुपये से अधिक का चोरी का सामना बरामद किया तथा घटना में प्रयुक्त एक कार भी जप्त की हैं।**



दसई चौकी प्रभारी जगदीशचंद्र निनामा ने बताया कि दसई के नया बाजार निवासी राजेश पिता सागरमल मंडलेचा की दसई के इमली घेरिया क्षेत्र स्थित दुकान से 9 नवंबर की रात्रि में अज्ञात बदमाश ताला तोड़कर प्याज के कण की 11 पेटी चुराकर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था।

मामले में धार एसपी मयंक अवस्थी, एएसपी पारुल बेलापुरकर व विजय डावर के निर्देश पर तथा सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन में व अमझेरा थाना प्रभारी राजू मकवाना के नेतृत्व में बदमाशों की तलाश हेतु टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटना स्थल से एक लोहे की टामी व तीन सा?ियों के टुक? जप्त कर बदमाशो की तलाश शुरू करते हुए सायबर टीम की मदद ली गई। आरोपी अनिल पिता कैलाश चौहान, यादव कुमार पिता आशाराम प्रजापत, जितेंद्र पिता वरदीचंद मालवीय तीनो निवासी ग्राम खिले?ी व भेरूलाल पिता रामलाल गाम? निवासी ग्राम बामन्दा खुर्द को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो से पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके द्वारा रैकी करने के पश्चात बलेनो कार से ग्राम दसई आकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया तथा चोरी के प्याज के 1 लाख 10 हजार रुपये के कण बेच दिए गए। पुलिस टीम आरोपियो से बेचे गए प्याज के कण के 1 लाख दस हजार रुपये व शेष प्याज के कण 55 किलो कीमत करीब 3 लाख 2 हजार 500 रूपये के जप्त करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूएम 4588 कीमत करीब 5 लाख रुपये की जप्त की है। वही घटना में शामिल आरोपी करण पिता राजेश निवासी ग्राम टीमरीपा?ा थाना राजग? फरार है। जिसकी तलाश की जा रही हैं।

आरोपियो की गिरफ्तारी में दसई चौकी प्रभारी जगदीशचंद्र निनामा की टीम के प्रधान आरक्षक मन्नुसिह भूरिया व भारतसिंह बामनिया, आरक्षक मेहरबान सिंह, रमेश, महिला आरक्षक मंजू देवदा, सायबर सेल के आरक्षक प्रशांत, सैनिक भेरूलाल पाटीदार व महेश सीरवी का योगदान रहा है।

# सूची में कोई भी पात्र नागरिक नहीं छूटे : कलेक्टर

**धार 19 नवंबर 25/मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा आज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस दौरान सभी एसडीएम और राजस्व अधिकारियों को ऑनलाइन जोड़ा गया।**



वीसी में कलेक्टर मश्रा ने प्रत्येक अनुविभाग से प्राप्त प्रगति रिपोर्टों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से मतदाता सूची में दर्ज त्रुटियों के सुधार, नाम जो?ने और हटाने की प्रक्रिया, बीएलओ द्वारा किए जा रहे घर-घर सर्वे, दावादृआपत्ति पंजीकरण तथा सत्यापन कार्यों की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सूची में कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए और किसी भी प्रकार की त्रुटि या दोहराव न रहे। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सुचारु और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की मूल आधारशिला है, इसलिए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

> कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि गहन पुनरीक्षण कार्य निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी समय-सीमा में कार्यों को पूरा करे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं को इसके बारे में व्यापक रूप से जागरूक किया जाए।वीसी के दौरान अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों,निरीक्षण, टीमों की तैनाती तथा सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी भी साझा की। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को समीक्षा के बाद फील्ड वि?ट ब?ाने और प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को

धार .स्थानीय यश कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस हेतु विद्यालय के कर्मचारी विद्यार्थियों सभी को जागरूक भी किया जा रहा है कि वह लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर अधिक से अधिक रक्तदान करें रक्तदान करने से हृदय और स्वास्थ्य में सुधार होता है शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है वजन नियंत्रित होता है इस शिविर में मुफ्त स्वास्थ्य जांच का भी आयोजन किया गया है पंजीयन का कार्य जारी है। रक्तदान का आयोजन 22 नवंबर शनिवार को महाविद्यालय परिसर में रखा गया है महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा निरंतर जन हित और जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं उपरोक्त जानकारी धनंजय वैष्णव ने दी।



## मॉडल स्कूल सरदारपुर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया

**सरदारपुर।** नगर के भोपावर मार्ग पर स्थित शासकीय मॉडल स्कूल में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सा सहायक डॉ. एसके पाराशर द्वारा 573 छात्र छात्राओं की जांच की गई, जिनमें 74 छात्रों में दृष्टि दोष पाया गया। मांडल स्कुल के प्राचार्य कामेस सतपुड़ा ने बताया कि जांच के बाद मौके पर 27 को चश्मे दिए गए, शेष छात्र छात्राओं को 30 दिन बाद चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही दवाई वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य सतपुड़ा ने कहा कि छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के शिविर समयङ्कसमय पर आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों को समय रहते उचित उपचार मिल सके और उनकी शिक्षा पर कोई प्रभाव न पड़े। इस आयोजन को लेकर बच्चो के अभिभावकों द्वारा प्रशंसा की गई। अभिभावकों ने विद्यालय एवं चिकित्सा टीम की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त जारी की

### धार जिले को मिला बडा लाभ

**धार 19 नवंबर 25/प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आज आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त जारी की गई। धार जिले के दो लाख से अधिक किसानों को इस पहल का प्रत्यक्ष लाभ मिला। कुल ?46 करो? से अधिक की राशि धार जिले के 2,31,024 किसानों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई, जिससे किसानों को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ।केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी ने धार कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर सहभागिता की।**



इस अवसर पर महंत निलेश भारती,जनप्रतिनिधिगण,अधिकारी,कर्मचारी और ब?ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने संबोधन के दौरान कहा कि किसान देश की री? हैं और सबसे अधिक परिश्रम करते हैं। उन्होंने बताया कि धार जिले में रेलवे लाइन की सुविधा किसानों की प्रमुख आवश्यकता है और इसे प्राथमिकता से आगे ब?ाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की वास्तविक चिंता करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप खाद, बिजली और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं में लगातार सुधार हुआ है।

उन्होंने उल्लेख किया कि किसान सम्मान निधि के तहत ?46 करो? से अधिक की राशि का वितरण किसानों के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।महिलाओं की भागीदारी ब?ाने के लिए आरक्षण के निर्णय को भी उन्होंने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को ब्याजमुक्त ऋण, 24 घंटे बिजली और पर्याप्त अन्न भंडार जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। यह सब किसानों की क?ी मेहनत और सरकार के निरंतर सहयोग से संभव हुआ है।

**एक नजर** पिछले दिनों हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की दुर्घटना में मौत,सर्विस रोड नहीं होने से चौराहा बेहद खतरनाक बना, बढ़ते हादसे लोगों की चिंता बढ़ा रहे हैं

# दुर्घटना घटने के बाद भी नहीं जाग रहा प्रशासन, पिटगारा चौराहा बना मौत का अड्डा

**बदनावर** के ग्राम पिटगारा का यह प्रमुख चौराहा लंबे समय से दुर्घटनाओं का केंद्र बना हुआ है, जहाँ सर्विस रोड के अभाव, अव्यवस्थित मोड़ों और तेज रफ्तार वाहनों के कारण स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। फोरलेन बनने के बाद परिवहन दबाव बढ़ने और गति नियंत्रण न होने से यह स्थान इतना जोखिमपूर्ण हो गया कि निर्माण कंपनी ने इसे ब्लैक स्पॉट घोषित कर दिया, फिर भी सुरक्षा इंतज़ाम अब तक शुरू नहीं किए गए, जिससे लगातार होती दुर्घटनाएँ लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं। हाल की दर्दनाक घटना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता कुंवर की मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया; निर्वाचन बैठक से लौटते समय तेज रफ्तार वाहन की टक्कर ने उनकी जान ले ली, जबकि उनके पति तीन वर्ष पहले गुजर चुके थे और तीन बेटियों व सात वर्षीय बेटे की संपूर्ण जिम्मेदारी वे अकेले निभा रही थीं, ऐसे में परिवार पूरी तरह बेबस स्थिति में आ गया है। ग्रामीण दीपेंद्र सिंह ने कहा कि सर्विस रोड नहीं होने से इस मार्ग पर चलना हर दिन जोखिम उठाने जैसा है, क्योंकि भारी वाहनों की गति और मोड़ों पर कम दृश्यता के कारण हादसे रोक पाना कठिन होता जा रहा है। वहीं ग्रामीण गोविन्द सिंह ने बताया कि यहाँ चेतावनी संकेतक तक नहीं लगे हैं, जिससे बाहरी वाहन चालक अचानक सामने आने वाले मोड़ को पहचान नहीं पाते और टक्करें बढ़ जाती हैं, परिणामस्वरूप आसपास रहने वाले परिवारों में लगातार भय का वातावरण बना रहता है, जबकि इसी मार्ग से बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग बड़ी संख्या में गुजरते हैं, जिससे जोखिम और अधिक बढ़ जाता है। क्षेत्र के सरपंच अखिलेशप्रताप सिंह पंवार ने बताया कि पंचायत द्वारा कई बार फोरलेन अधिकारियों को आवेदन सौंपे गए, स्थिति की गंभीरता समझाई गई और आवश्यक सुधार कार्य की माँग भी की गई, परंतु अभी तक किसी स्तर पर ठोस कदम नहीं उठाया गया और ग्रामीणों को केवल आश्वासन मिलते रहे। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ दिन पहले भी इस विषय पर खबर प्रकाशित कर समस्या उजागर की गई थी, लेकिन निरीक्षण से लेकर सुधारात्मक कार्य तक किसी भी प्रक्रिया की शुरुआत नहीं हुई, जिससे चौराहा पहले से अधिक संवेदनशील होता जा रहा है। इसी घटनाक्रम पर जब बदनावर की एसडीएम से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि सड़क सुरक्षा समिति से चर्चा हो चुकी है और क्षेत्र में जितने भी दुर्घटना संभावित स्थान हैं, उन पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं, हालांकि सुधार की वास्तविक शुरुआत कब होगी, इसका इंतज़ार क्षेत्रवासियों को आज भी है। लोगों का मत है कि यदि सर्विस रोड बन जाए, संकेतक लगाए जाएँ, मोड़ सुरक्षित किए जाएँ और गति नियंत्रण व्यवस्था लागू कर दी जाए, तो हादसों में उल्लेखनीय कमी आ सकती है, लेकिन लगातार अनदेखी के कारण समस्या और गंभीर होती जा रही है, इसलिए प्रशासन का तत्काल हस्तक्षेप अब अनिवार्य हो चुका है, क्योंकि हर दिन किसी बड़े हादसे की आशंका ग्रामीणों को परेशान कर रही है।

